जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

सहगल फाउंडेशन की कुसुमलता को जल संरक्षण पर उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित करते अधिकारी।

विनोद गर्ग, तावडू

जिला मुख्यालय नूंह के डीआरडीए हाल के प्रांगण में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन (डब्ल्यू एसएसओ) के तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गय। इसमें मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईएन फैसल इब्राहिम ने शिरकत की। मंच संचालन बीआरसी खुर्शीद अहमद ने किया। इस अवसर पर एक्सईएन फैसल ने कार्यक्रम में उपस्थित पंच सरपंचों को जल संरक्षण व पानी की गुणवत्ता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सहगल फाऊंडेशन की कुसुमलता ने जिले के सौंख बीवान खेड़ला आदि गांवों में महिलाओं को जल सरंक्षण के लिये प्रेरित किया। वहीं गांवों में पीने के पानी के अवैध कनेक्शनों को वैध कराने वाली पंचायतों का सहयोग रहा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिन में खेड़ला सरपंच मकेश्वर सौंख सरपंच निर्मला बींवा के हाकम शाहपुर नंगली से अब्दुगा व बडोजी व बाई गांव के सरपंचों को भी सम्मानित किया गया।